an>

Title: Need to open level crossing No. 62 on Mumbai-Nasik Rail route in the vicinity of Wasimgaon, in Bhiwandi Parliamentary Constituency, Maharashtra and also construct an over bridge at level crossing.

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी) : मेरे संसदीय क्षेत्र भिवंडी (महाराष्ट्र) में सेन्ट्रल रेलवे में मुम्बई-नासिक ट्रैक में वासिनगाव के पास गेट नम्बर - 62 गत कई सालों से बन्द पड़ा हुआ है। यहां पर पूर्व से पश्चिम मुम्बई की ओर आने-जाने में यहां की जनता को काफी परेशारी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि यहां बरसात के समय जो अण्डर पास बना हुआ है, वह बरसात का पानी भर जाने के कारण बंद हो जाता है जिससे यहां पर आवागमन की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे क्षेत्र की जनता की मांग को देखते हुए नासिक ट्रैक पर वासिनगाव के पास गेट नम्बर - 62 को यथाशीघ्र खुलवाकर वहां पर एक रेलवे ओवर ब्रिज बनवाया जाए।